राज्य सरकार निरंतर किसान हितैषी निर्णय लेगी : डॉ. यादव



राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवाओं का कृषि पाठ्यक्रमों और कृषि कार्यों के प्रति आकर्षण बढ़ाने में भारतीय किसान संघ सहयोगी भूमिका निभा सकता है।

किसानों को नई कृषि तकनीकों, उन्नत उपकरणों और कृषि यंत्रों की जानकारी देने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसान कल्याण वर्ष में हुए प्रयासों और बलराम कृषि महोत्सव से कृषि क्षेत्र को समृद्ध और सशक्त बनाने में सहयोग मिला है। मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मर आईडी व्यवस्था से प्रदेश में खाद और यूरिया के स्टॉक की सही जानकारी मिल रही है। मध्यप्रदेश इसका पूरा लाभ ले रहा है। कम वर्षा वाले जिलों में बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगाने की पहल की गई है। राज्य सरकार सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कर रही है और किसानों के हित में कृषि आधारित उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं।

पराली नियंत्रण में मध्यप्रदेश को रोल मॉडल बनाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि फसलों को पशुओं से होने वाले नुकसान की रोकथाम के लिए बोमा कैप्चरिंग पद्धति के प्रयोग सफल रहे हैं। हाल ही में आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को ट्रैक्टर, बुलेट मोटरसाइकिल और स्कूटी प्रदान की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने किसान संघ से प्रदेश स्तर पर सहकारी समितियों के गठन में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले गौशाला संचालक पशुपालकों को भी अनुदान दिया जाएगा। गोवंश प्राकृतिक खेती में सहयोगी है। किसानों की सहकारी समितियों को गोपालन के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गेहूं, चना और बाजरा जैसी फसलों की खरीद तथा पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी भी दी। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

निगम अमले ने शहर के कई क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

नप्र, भोपालः नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में निगम अमले ने सीएम हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण और नियमित कार्रवाई के तहत विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाए। इस दौरान 4 ठेले, 1 काउंटर और 25 कैरेट जब्त किए गए। न्यू मार्केट क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा निर्धारित सीमा से बाहर रखे गए सामान और सड़कों तथा फुटपाथों पर व्यवसाय करने वाले हॉकर्स को हटाने की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने कोलार सनखेड़ी, राजहंस कॉलोनी, 1100 क्वार्टर, छह नंबर अंकुर खेल परिसर, औरा मॉल, 10 नंबर, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, बागमुगालिया, जाटखेड़ी, 11 मील, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, वल्लभ भवन, स्टेट बैंक ब्रिज, साजिदा नगर, ईदगाह हिल्स और अवधपुरी चौराहे सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की।

राज्य स्थापना दिवस विविधता में एकता का उत्सव : राज्यपाल



राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' संकल्पना के तहत राज्यों के स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने की पहल सराहनीय और दूरदर्शी है। यह भारत की विविधता में एकता का उत्सव है और विभिन्न राज्यों की संस्कृति को जानने-समझने का अवसर है।

राज्यपाल मंगलवार को लोकभवन में मध्यप्रदेश सहित पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सत्कार, सद्भाव और अपनेपन की भूमि है। यहां बसे दूसरे प्रदेशों के नागरिक हमारे परिवार का हिस्सा हैं। पंजाब कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और उद्यमशीलता में योगदान दे रहा है। हरियाणा खेल, विनिर्माण और सैन्य योगदान से देश का मान बढ़ा रहा है। छत्तीसगढ़ की जनजातीय विरासत, खनिज और वन संपदा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चंडीगढ़ की नगर योजना, स्वच्छता और शैक्षणिक संस्थान सुशासन की दिशा दिखाते हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय नीतियों और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र है। जम्मू-कश्मीर की कृषि, बागवानी, पर्यटन और हस्तशिल्प देश की अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाते हैं, जबकि लद्दाख की सौर ऊर्जा संभावनाएं और जैव विविधता सतत विकास का संदेश देती हैं।

राज्यपाल ने युवाओं से आपसी संवाद बढ़ाने, विभिन्न प्रदेशों की कला, संस्कृति और इतिहास जानने तथा नवाचार और सेवा के कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी से संसाधनों और प्रतिभाओं का समुचित उपयोग कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने को कहा।

भाजपा सोशल मीडिया विभाग में मनोज सिंह राजपूत नियुक्त



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय जनता पार्टी भोपाल नगर के सोशल मीडिया विभाग में सदस्य पद पर मनोज सिंह राजपूत की नियुक्ति पर प्रदेश शासन के मंत्री एवं विधायक विश्वास कैलाश सारंग ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी।

मनोज सिंह राजपूत ने नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यती और प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सुरेश त्यागी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे।

सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की विचारधारा और जनकल्याणकारी कार्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर नरेला गुरुजी वीरेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष संदीप चौकसे, मंडल उपाध्यक्ष पवन तिवारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे और मनोज सिंह राजपूत को बधाई दी।

स्थायीकरण और वेतन वृद्धि की मांग पर सफाईकर्मियों का चक्काजाम, आज से हड़ताल की चेतावनी

शाहजहांनी पार्क में सुबह से दिया धरना, ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी, जहांगीराबाद चौराहे पर जाम से यातायात प्रभावित



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर के सफाईकर्मियों ने मंगलवार को राजधानी में प्रदर्शन किया। सुबह 9 बजे से शाहजहांनी पार्क में धरने पर बैठे सफाईकर्मियों ने शाम तक मांगों का निराकरण नहीं होने और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लेने किसी जिम्मेदार अधिकारी के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। इसके बाद उन्होंने जहांगीराबाद चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन (7262) के बैनर तले हुए इस प्रदेशव्यापी आंदोलन में राजधानी सहित विभिन्न जिलों के हजारों सफाईकर्मी और अन्य कर्मचारी वर्ग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में स्थायीकरण और वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

बेरिकेडिंग हटाकर चौराहे पर पहुंचे : शाहजहांनी पार्क से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे सफाईकर्मियों को पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर रोकने का प्रयास किया। हालांकि, प्रदर्शनकारी बेरिकेडिंग हटाकर तलैया थाने के सामने से होते हुए जहांगीराबाद चौराहे पर पहुंच गए। यहां पुलिस ने दोनों तरफ बेरिकेडिंग कर उन्हें रोका। इसके बाद सफाईकर्मी सड़क पर बैठ गए। चक्काजाम के कारण पुलिस ने यातायात डायवर्ट किया। इससे पुलिस कंट्रोल रूम के सामने और पुराने शहर सहित कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदेशाध्यक्ष मगनलाल झांझोट ने कहा कि लंबे समय से मांगों को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। मंगलवार को शांतिपूर्ण धरना दिया गया, फिर भी कोई सकारात्मक निर्णय नहीं आया।

इससे पहले सोमवार को सरकारी कचरा गाड़ियों के लाउडस्पीकर से प्रदर्शन के प्रचार पर निगम अधिकारियों के पास शिकायत पहुंची थी।

कमला नगर में 21 फीट के गोवर्धन की परिक्रमा करेंगे रहवासी

10 नवंबर को गोबर से बनेगी 10 क्विंटल की प्रतिमा, छप्पन भोग के साथ होगा अन्नकूट आयोजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कमला नगर स्थित कोटरा राम मंदिर में 10 नवंबर को गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। सहज समाधान शिक्षा समिति के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में गोबर से 10 क्विंटल की भगवान गोवर्धन की प्रतिमा बनाई जाएगी।

रहवासी 21 फीट के भगवान गिरिराज की परिक्रमा कर देश के जनकल्याण की कामना करेंगे। इस अवसर पर छप्पन भोग अर्पित करने के साथ अन्नकूट का आयोजन भी होगा। समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग और प्रवक्ता रमेश राठौर ने बताया कि गोवर्धन पूजा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारी मुकेश गर्ग, सुनील भार्गव और संतोष ब्रह्मभट्ट को दी गई है। वहीं, साज-सज्जा और रंगोली की व्यवस्था कविता अनुरागी और शीतल वर्मा संभालेंगी। अन्नकूट की तैयारी का दायित्व भानु सिसोदिया, आशुतोष चंद्रवंशी और आज्ञाराम चौधरी को सौंपा गया है। भजन व्यवस्था की जिम्मेदारी अजय भार्गव और सुरेश शर्मा दुबे संभालेंगे।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन में भगवान गोवर्धन का विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु भगवान गिरिराज की परिक्रमा कर देश में सुख, समृद्धि और जनकल्याण की कामना करेंगे।



मिठी के बच्चों ने दीपोत्सव पर अपनाया परोपकार का मार्ग

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में दीपावली के पूर्व विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में परोपकार, सामाजिक उत्तरदायित्व और जरूरतमंदों की सहायता की भावना विकसित करना था।

बच्चों को बताया गया कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि वंचित लोगों के जीवन में खुशियां फैलाने का अवसर भी है। विद्यार्थियों को अपनी क्षमतानुसार जरूरतमंद बच्चों या परिवारों को कपड़े, मिठाइयां, बर्तन अथवा उपहार देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनसे इस अनुभव को लिखकर फोटो सहित क्लास टीचर से साझा करने को कहा गया। प्राचार्या रेखा केवलानी और उपप्राचार्या दिव्या कृपलानी ने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं।

सेवा भारती की भोजन सेवा में राधा सिंह ने दिया सहयोग



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सेवा भारती नानक मंडल के माता अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र द्वारा जवाहरलाल नेहरू कैंसर चिकित्सालय, ईदगाह हिल्स में मरीजों और उनके परिजनों को नियमित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस सेवा कार्य में संस्था की वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता राधा सिंह ने विशेष सहयोग प्रदान किया। संस्था के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके सेवा समर्पण की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। महानगर उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल ने कहा कि जरूरतमंद मरीजों और परिजनों को भोजन उपलब्ध कराना मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण है। नानक मंडल अध्यक्ष चेतन पटेल ने बताया कि भोजन सेवा केंद्र का प्रयास 350 जरूरतमंदों के लिए संबल है। सचिव मनोज शर्मा और मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने समाज के लोगों से ऐसे सेवा कार्यों में सहयोग की अपील की।

हनुमान चालीसा पाठ के साथ मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

हिरदाराम नगर। दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से हुई।

मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी ने विद्यार्थियों को हनुमान जी की तरह अपनी असीम शक्ति पहचानने और निरंतर मेहनत कर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। संस्था अध्यक्ष सुषील वासवानी ने समय का सदुपयोग, बड़ों का आदर, मधुर वाणी और मानव सेवा का संदेश दिया। सचिव बसंत चेलानी ने न्यूनतम फीस में अधिकतम सुविधाएं देने की बात कही। समाजसेवी मनोहर वासवानी ने ईश्वर के नाम से शुरुआत कर दूसरों के हित में सोचने की प्रेरणा दी।

कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन म.प्र.

Mail ID: cmoobaidullaganj@mpurban.gov.in,

क्रमांक/1549/लो.नि.शाखा/2026 औ.गंज, दिनांक. 02.11.2026

द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट www.mptender.gov.in पर निविदा आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एंव अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्र में नहीं की जावेगी।

क्रं.	आनलाईन निविदा क्रं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत / धरोहर राशि (रू)	बिड जमा करने की अंतिम तिथि	निविदा आमंत्रण क्रम	समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू)
1	2026_UAD_536302_2	वार्ड क्रमांक 12 अर्जुन नगर में (अ) इंग्लिय के घर तक मनोहर बंजारा तक (ब) धमेन्द्र चौरसिया के घर से मुंशी के घर तक (स) बंदरेले मास्साब के घर से रामसिंह के घर तक सी.सी रोड़ एंव आर. सी.सी क्रासिंग निर्माण कार्य।	रू. 16.92 लाख / 12.690/-	21.10.2026	द्वितीय	60 दिवस	2,000/-

(लक्ष्मी सोनू चौकसे) अध्यक्ष — (नमिता बागीश अग्रवाल) उपाध्यक्ष — (सुनील सेरिया) सभापति — मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद औबेदुल्लागंज

न्यायालय तहसीलदार तहसील बुदनी जिला सीहोर म.प्र.

क्रमाक//रीडर/26 बुदनी दि. 28.10.2026

उद्घोषणा पत्र

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरकंटक गार्डन प्रा. लि. अधिकृत श्री विजय कुमार मिश्रा आ. स्वः श्री गोपाल प्रसाद मिश्रा निवासी भोपाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खाडावड तहसील बुदनी जिला सीहोर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 26/12 एस रकवा 4.856 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे आलोक रंजन राठी के नाम से दर्ज है। आवेदक द्वारा कंपनी एक्ट के तहत आलोक रंजन राठी के स्थान पर आवेदक अमरकंटक गार्डन प्रा.लि. द्वारा अधिकृत विजय कुमार मिश्रा आ. स्वः गोपाल प्रसाद मिश्रा राजस्व अभिलेख मे दर्ज कराना चाहा गया है अतः कंपनी एक्त के तहत उक्त भूमि पर आलोक रंजन राठी के स्थान पर आवेदक अमरकंटक गार्डन प्रा. लि. अधिकृत विजय कुमार मिश्रा का नाम परिवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 6.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। वाद म्याद बीत जाने पर प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.10.2026 को जारी।

तहसीलदार बुदनी

3043

न्यायालय तहसीलदार तहसील बुदनी जिला सीहोर म.प्र.

क्रमाक//रीडर/26 बुदनी दि. 28.10.2026

उद्घोषणा पत्र

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिताक्षी फर्टिलाईजर एण्ड केमिकल्स प्रा. लि. अधिकृत श्री दीपक प्रजापति आ. स्वःश्री पुरुषोत्म प्रजापति निवासी भोपाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खाडावड तहसील बुदनी जिला सीहोर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 51/21 एस रकवा 3.315 हे. सर्वे क्रमांक 18/20 रकवा 4.856 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आलोक रंजन राठी के नाम से दर्ज है। आवेदक द्वारा कंपनी एक्ट के तहत आलोक रंजन राठी के स्थान पर आवेदक प्रा.लि. राजस्व अभिलेख मे दर्ज कराना चाहा गया है। अतः कंपनी एक्त के तहत उक्त पर आलोक रंजन राठी के स्थान पर आवेदक आवेदक हिताक्षी फर्टिलाईजर एण्ड केमिकल्स प्रा. लि. अधिकृत श्री दीपक प्रजापति आ. स्वःश्री पुरुषोत्म प्रजापति निवासी भोपाल का नाम परिवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 6.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। वाद म्याद बीत जाने पर प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28.10.2026 को जारी ।

तहसीलदार बुदनी

3042

न्यायालय तहसीलदार तहसील बुदनी जिला सीहोर म.प्र.

क्रमांक//रीडर/26 बुदनी दि. 28.10.2026

उद्घोषणा पत्र

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महर्षि इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस प्रा.लि. अधिकृत संजीव माहेश्वरी आ. स्वः श्री पी. के. माहेश्वरी निवासी ब्रान्दा वेस्ट मुंबई द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खांडावड तहसील बुदनी जिला सीहोर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 18/14 रकवा 6.779 हे. सर्वे क्रमांक 26/2 रकवा 0.911 हे. सर्वे क्रमांक 26/15 रकवा 2.428 हे. सर्वे क्रमाक 50/5 रकवा 2.424 हे. सर्वे क्रमाक 50/6 रकवा 7.632 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आलोक रंजन राठी के नाम दर्ज है। आवंदेक द्वार कंपनी एक्ट के तहत आलोक रंजन राठी के स्थान पर आवेदक महर्षि इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस प्रा.लि. अधिकृत संजीव माहेश्वरी राजस्व अभिलेख मे दर्ज कराना चाहा गया है। अतः कपंनी एक्ट के तहत उक्त भूमि पर आलोक रंजन राठी के स्थान पर आवेदक संजीव माहेश्वरी के नाम परिवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय मे दिनांक 6.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। वाद म्याद बीत जाने पर प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28.10.2026 को जारी ।

तहसीलदार बुदनी

3041

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने **(1) सालिम सिद्दीकी पुत्र श्री साजिद सिद्दीकी (1) नदीम सिद्दीकी पुत्र श्री साजिद सिद्दीकी दोनो निवासीगण मकान नंबर-ए-577, दशहरा मैदान के पास, अशोका गार्डन, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.)** से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का दो किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक-47-ए एवं 47-बी, उक्त भूखण्ड का नाप 40 फिट पूर्व में, 40 फिट पश्चिम में, 80 फिट उत्तर में, एवं दक्षिण में 85 फिट इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 3300 वर्गफीट अर्थात 306.69 वर्गमीटर है, उक्त भूखण्ड विक्रेता क्रमांक-1 के हिस्से में से 20 फिट बाई 40 फिट बराबर 800 वर्गफीट का सौदा किया जा रहा है, जो कि खसरा क्रमांक-248, एवं 249 का अंश भाग है, जो कि सुन्दर नगर, ग्राम सेमराकलां, (मुख्य मार्ग से अंदर) तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उपरोक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म आदि का किसी भी प्रकार का कोई हक या अधिकार हो अथवा कोई आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूखण्ड कहीं कोई अनुबंध, विक्रय, दान, गिरवी, वसीयत, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समय अवधि निकल जाने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र का पंजीकरण अपने पक्ष में करा लेवेगा। तदानुसार सूचित हो।

प्रदीप ताम्रकार, अधिवक्ता
शॉप नंबर-24, आई.एस.बी.टी. परिसर, भोपाल (म.प्र.)
मो नंबर-9301264468

3040

जाहिर सूचना

(दिनांक 01.03.2013 की मूल वसीयत गुम होने के संबंध में)

मैं अपनी पक्षकार पी. एन. बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार के समक्ष (1) श्री नमन रत्नावत पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार रत्नावत और (2) श्री नरेन्द्र कुमार रत्नावत पुत्र स्व. श्री एस.एन. रत्नावत, निवासीगण भोपाल (म.प्र.), ने ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय प्लॉट नंबर 42 पर निर्मित मकान है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट है। यह भूमि राजस्व सर्वेक्षण नंबर 292/2 का अंश है, जो कि चंचल कॉलोनी, ग्राम नरेला शंकरी में स्थित है। यह भोपाल नगर निगम की सीमा (वार्ड नंबर 62), तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) के अंतर्गत आती है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार हैः पूर्व मेंः विवेकानंद नगर की संपत्ति, पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट नं. 43, दक्षिणः प्लॉट नं. 41 में स्थित है। जिसकी रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 01.03.2013, पुस्तक क्रमांक अ-03, ग्रन्थ नं. 36, दस्तावेज नं. 1143 उप पंजीयन कार्यालय भोपाल में पंजीबध्द है, उपरोक्त वसीयत कही गुम हो गई है। जिसका नामांतरण (1) वेंकलेश अरुपपालयम नारायणन (2) अरिप्पापलयम नारायणन रमेश (3) अरियापमपलयम नारायणन सतीश और (4) आनंद नारायणन सभी पुत्र स्वर्गीय श्री ए.जी. नारायणन निवासीगण भोपाल के पक्ष में हुआ। इसके उपरांत उक्त संपति को नामांतरण वसीयत कर्तागण ने मेरे पक्षकार को विक्रय कर दिया, जिसका विक्रय विलेख ई-पंजीकरण संख्या MP059712022A 1339789, दिनांक 29.03.2022 के तहत विधिवत उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत है। ताकिद जानिये कि मेरे पक्षकार पी. एन. बी. हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल द्वारा उक्त सम्पति पर ऋण दिये जाने की प्रकिया होनी है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था द्वारा उक्त मूल वसीयत पत्र का दुरुपयोग किया जाता है, अपराधिक आशय से उसका दुरविनियोग करता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार सूचना दाता के पास सुरक्षित रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित संपति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, अधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अंदर मुझसे, मेरे कार्यालय में संपर्क स्थापित करें एवं आपति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त समयावधि के बाद आपति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

राजेन्द्र सिंह राजपूत,अधिवक्ता
308 बी डी ए काम्प्लेक्स, शिवाजी नगर
भोपाल मो. 919039246080

3039

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. (एस) 156 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री विष्णु प्रसाद मिश्रा के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20/10/1999 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री विष्णु प्रसाद मिश्रा की दिनांक 20/6/2017 को मृत्यु होने के उपरांत श्रीमती ज्योति मिश्रा पत्नी श्री विष्णु प्रसाद मिश्रा के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 2699-2702 दिनांक 30/11/2019 को नामान्तरित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री विष्णु प्रसाद मिश्रा आत्मज श्री नन्हेलाल मिश्रा के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 19/08/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री विष्णु प्रसाद मिश्रा आत्मज श्री नन्हेलाल मिश्रा के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल

3038

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)

आवेदन क्रं. RS/444/0736/4096/2026
ग्राम का नाम गेंहूखेडा
प.ह.नं. 10. तहसील कोलार, जिला भोपाल

सूचना-पत्र

प्रति,01 श्रीमती रंजना कम्हरे पत्नि श्री विपिन कुमार कुम्हरे खातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र.। 02. डॉ. महीपसिंह गौरे पुत्र अजय बहादुर सिंह, खातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र. । 03. मेसर्स कनक रियल स्टेट भोपाल द्वारा भागीदारगण गोवर्धनदास पुत्र श्री मोतीलाल व अन्य सहखातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र. । 04. सर्व साधारण एवं अन्य हितबद्व पक्षकारगण। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कनक रियल स्टेट भोपाल द्वारा भागीदारगण गोवर्धनदास पुत्र श्री मोतीलाल व श्री विनोद पुत्र श्री शिवदयाल गर्ग निवासी-म.क. 28/1, श्यामला रोड तहसील हुजुर भोपाल म0प्र0 द्वारा ग्राम गेंहूखेडा प.ह.नं. 10 तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 267 रकबा 0.0900 हे. कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.0900 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 05.11.2026 को समय दोपः 03.00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 27.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

राजस्व-निरीक्षक
रा.नि.मं. बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल

3037

लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश लोकायुक्त भवन भोपाल

क्रमांक/1371/स्टोर/2026 भोपाल, दिनांक 29/10/20

लेखन सामग्री (स्टेशनरी) प्रदाय संबंधी ई-निविदा सूचना

लोकायुक्त संगठन, म.प्र., भोपाल के एफ ब्लॉक पुराना सचिवालय स्थित मुख्यालय कार्यालय के उपयोगार्थ गुणवत्तापूर्ण लेखन सामग्री (स्टेशनरी) आवश्यकता अनुसार एक वर्ष की अवधि हेतु प्रदाय किये जाने के संबंध में सामग्री प्रदाय हेतु इच्छुक स्थानीय पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों से निम्नांकित वर्णित शर्तों के अधीन पृथक-पृथक ई-निविदाएं https://mptendres.gov.in पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा प्रकिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथियाँ निर्धारित की गई हैं :-

1. ई-निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, जिस पर निविदा संबंधी समस्त शर्ते दी गई है, जो कि राशि रूपये 1,000/- (रूपये एक हजार मात्र) ऑनलाईन जमा करने पर प्राप्त की जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की गई है :-
1. ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक 16.11.2026 समय सुबह 10 :00 से दिनांक 07.12.2026 समय सुबह 10 :00 बजे तक।
2. ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं में सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं दिनांक 08.12.2026 समय दोपहर 12 :00 बजे अथवा उसके उपरांत लोकायुक्त कार्यालय परिसर, भोपाल में खोली जावेगी, तत्पश्चात् तकनीकी निविदाओं में पात्र पाये गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदायें दिनांक 14.12.2026 समय दोपहर 03 :00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जावेगी।
3. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सचिव, लोकायुक्त कार्यालय, म.प्र. भोपाल का होगा, इस हेतु पृथक से कोई पत्राचार नहीं किया जावेगा।

निविदा संबंधी शेष शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है।

(विनोंद मालवीय)
संयुक्त संचालक (वित्त)
लोकायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भोपाल
फोन-2545572

जी-21005/26